न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रेक) कपासन, जिला चित्तौडगढ
पीठासीन अधिकारी मणीलाल तीरगर (आर0ए0एस0)

प्रकरण संख्या / 465 / 2025 वाद **दायर दिनांक 06.08.2025**

1. प्रभुलाल पिता छगनलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी बाबरीयाखेडा तहसील कपासन।
2. रतनलाल पिता छगनलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी बाबरीयाखेडा तहसील कपासन।
3. प्रेमीबाई पत्नी छगनलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी बाबरीयाखेडा तहसील कपासन।
4. रेखाबाई पुत्री छगनलाल जाति जाट पत्नी शिवलाल जाट आयु वयस्क निवासी बाबरीयाखेडा हाल निवासी सिन्धीयाखेडा (रघुनाथपुरा), तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।
5. सीताबाई पुत्री छगनलाल जाति जाट पत्नी देवीलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा हाल निवासी जवानपुरा तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ़।

उनवान

1. भैरूलाल पिता हीरा जाति जाट निवासी बाबरीयाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. शंकर पिता हीरा जाति जाट निवासी बाबरीयाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
3. झमकु पुत्री हीरा जाति जाट निवासी बाबरीयाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. भूमिधारी तहसीलदार कपासन जिला चित्तौड़गढ़।

उपस्थितिः– अधिवक्ता श्री हिम्मत सिंह जादव –वादीगण
अधिवक्ता श्री राजकुमार लड्ढा –प्रतिवादी सं0 1 से 3

–: वाद पत्र अन्तर्गत 53, 188 आर.टी.एक्ट :–

निर्णय दिनांकः 08.04.2026

–:निर्णयः–

संक्षिप्त में विवरण इस प्रकार है कि वादीगण ने वाद पत्र अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान टिनेन्सी एक्ट 1955 के प्रस्तुत कर निम्न निवेदन किया कि मौजा बाबरियाखेडा पटवार हल्का दोवनी तहसील कपासन के हल्के बैरूनी में स्थित हाल आराजी नम्बर 661 रकबा 0.04 हैक्ट0, आराजी नम्बर 692 रकबा 0.32 हैक्ट0, आराजी नम्बर 693 रकबा 0.10 हैक्ट0, आराजी नम्बर 694 रकबा 0.35 हैक्ट0, आराजी नम्बर 752 रकबा 0.58 हैक्ट0 कुल किता 5 कुल रकबा 1.39 हैक्ट0 स्थित है। व निवेदन किया कि पक्षवादीगण विरूद्ध प्रतिवादी बंटवाडा आराजीयात की डिक्री इस आशय की फरमाई जावें कि वर्णित वादगत आराजीयात का कब्जे अनुसार विधिक विभाजन वादपत्र की कॉलम संख्या 1 में वर्णित आराजीयात में वादीगण प्रत्येक का 1/10 वां हक हिस्से कब्जे अनुसार विभाजन करा तदनुसार लगानबन्दी कायम करा अलग खातेदार बनाया जावें।

हमने वाद पत्र दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया। प्रतिवादी संख्या 1 से 3 की ओर से अधिवक्ता श्री राजकुमार लड्ढा का अधिकार पत्र प्रस्तुत।

उक्त वाद पत्र में दिनांक 17.07.2025 को प्राथमिक रूप से स्वीकार किया जाकर प्राथमिक डिक्री जारी की गई। जिस पर तहसीलदार कपासन द्वारा बटवाडा रिपोर्ट दिनांक 30.12.2025 से प्रस्तुत की गई। बहस उभयपक्ष अधिवक्ता सुनी गई। वकील वादी द्वारा तहसीलदार कपासन से प्राप्त बटवाडा रिपोर्ट अनुसार अंतिम डिक्री किये जाने में कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की व अंतिम डिक्री किये जाने का निवेदन किया गया। अतः वादी अधिवक्ता के निवेदन को स्वीकार किया जाकर आज दिनांक 19.02.2026 को वाद पत्र स्वीकार किया जाकर अन्तिम रूप से डिकी इस आशय की दी जाती है की मौजा बाबरियाखेडा पटवार हल्का दोवनी तहसील कपासन के हल्के बैरूनी में स्थित हाल आराजी

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), कपासन

नम्बर 661 रकबा 0.04 हैक्ट0, आराजी नम्बर 692 रकबा 0.32 हैक्ट0, आराजी नम्बर 693 रकबा 0.10 हैक्ट0, आराजी नम्बर 694 रकबा 0.35 हैक्ट0, आराजी नम्बर 752 रकबा 0.58 हैक्ट0 कुल किता 5 कुल रकबा 1.39 हैक्ट0 स्थित है में तहसीलदार कपासन से प्राप्त बटवाडा रिपोर्ट दिनांक 30.12.2025 के अनुसार निम्नानुसार बटवाडा किया जाता है–

1. प्रभुलाल पिता छगना हिस्सा 1/5 जाति जाट, प्रेमीबाई पत्नी छगना हिस्सा 1/5 जाति जाट, रेखाबाई पुत्री छगना हिस्सा 1/5 जाति जाट, रतनलाल पुत्र छगना हिस्सा 1/5 जाति जाट, सीताबाई पुत्री छगना हिस्सा 1/5 जाति जाट सा0 देह खातेदार रहन बडौदा राज. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा धमाना

क.स.	आ0स0	रकबा (है0)	किस्म
1	692/1	0.21	बी.1
2	694/1	0.1582	बी.1
3	752/1	0.29	बी.1
योग	कुल किता–03	0.6585	

2. भैरू पुत्र हीरा हिस्सा 3292/6585 जाति जाट सा0 देह खातेदार, झमकू पुत्री हीरालाल हिस्सा 549/6585 जाति जाट सा0 देह खातेदार, शंकरलाल पुत्र हीरालाल हिस्सा 2744/6585 जाति जाट सा0 देह खातेदार रहन बैंक ऑफ बडौदा शाखा कपासन

क.स.	आ0स0	रकबा (है0)	किस्म
1	692/2	0.11	बी. 1
2	693	0.10	बारानी 3
3	694/2	0.1582	बी. 1
4	752/2	0.29	बी. 1
योग	कुल किता–04	0.6585	

3. झमकू पुत्री हीरालाल हिस्सा 1/24 जाति जाट सा0 देह खातेदार, शंकरलाल पुत्र हीरालाल हिस्सा 5/24 जाति जाट सा0 देह खातेदार रहन बैंक ऑफ बडौदा शाखा कपासन, प्रभुलाल पिता छगना हिस्सा 1/10 जाति जाट रहन बडौदा राज. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा धमाना, प्रेमीबाई पत्नी छगना हिस्सा 1/10 जाति जाट रहन बडौदा राज. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा धमाना, रेखाबाई पुत्री छगना हिस्सा 1/10 जाति जाट रहन बडौदा राज. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा धमाना, रतनलाल पुत्र छगना हिस्सा 1/10 जाति जाट रहन बडौदा राज. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा धमाना, सीताबाई पुत्री छगना हिस्सा 1/10 जाति जाट सा0 देह खातेदार रहन बडौदा राज. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा धमाना, भैरू पुत्र हीरा हिस्सा 1/4 जाति जाट सा0 देह खातेदार

क.स.	आ0स0	रकबा (है0)	किस्म
1	694/3	0.0330	बी. 1
2	661	0.04	बी. 1
योग	कुल किता–02	0.0730	

तदनुसार अंकन हो। रहन बदस्तुर रहे। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेगें, अंतिम पर्चा डिक्री जारी हो व पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 08.04.2026 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(मणीलाल तीरगर)
सहायक कलक्टर
(फास्ट–ट्रेक) कपासन